NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : 80/NCRES/79/22 Date : 20.5.2022

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– प्रयागराज व छिवकी के साइकिल स्टैण्ड पर टिकट चेकिग स्टाफ नियुक्त कर मानव शक्ति का दुरूपयोग किया जाना।

महोदय,

NCRES को अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के प्रयागराज, झांसी और आगरा मण्डल में टिकट चेकिंग स्टाफ के ढेरो पद रिक्त है तथा पिछले लगभग 10 वर्षो में यात्रियों की सुविधा के लिये जो नई गाड़ियां चलाई गई है, उसके लिये पदो का सृजन अभी तक नही हुआ है और दूसरी तरफ कामर्शियल मैनुअल के प्रावधानो के विपरीत टिकट चेकिंग स्टाफ को साइकिल स्टैण्ड पर वाहन शुल्क की वसूली में लगाकर मानव शक्ति का दुरूपयोग किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के तीनो मण्डलो में टिकट चेकिंग स्टाफ की कमी के कारण यात्री गाड़ियों में कुछ कोचेज अनमैण्ड रहते है जिससे टिकट चेकिंग की आय एवं यात्रियों की सुविधा पर प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त रेलवे द्वारा साइकिल स्टैण्ड पर वाहन शुल्क की वसूली के कार्य के लिये टेण्डर जारी कर शुल्क की वसूली का कार्य प्राइवेट पार्टी द्वारा कराया जाता है जो कानून व्यवस्था से भी जुड़ा है, क्यो कि वाहन शुल्क की वसूली में आम जनता और ठेकेदार के कर्मचारियों के बीच अक्सर विवाद होते देखा गया है। ऐसी स्थिति में टिकट चेकिंग स्टाफ को लगाने से अक्सर विवाद पैदा हो रहा है, जिससे टिकट चेकिंग स्टाफ को परेशानी हो रही है और रेल की छवि धूमिल हो रही है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि टिकट चेकिंग स्टाफ को साइकिल स्टैण्ड पर न लगाने के लिये प्रयागराज मण्डल को उचित निर्देश दिया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री